आदेश का क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कारवाई के बारे मे टिप्पणी, तारीख के साथ।

प्रमण्डलीय आयुक्त का न्यायालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची

एस0 ए0 आर0 पुनरीक्षण 34/2017

07/07/2022

प्रकाश उरांव एवं अन्य बनाम् रामचरण तिग्गा

प्रश्नगत् पुनरीक्षण आवेदन उपायुक्त, राँची द्वारा एस0 ए0 आर0 अपील क्रमांक–44–R15/2013-14 एवं एस0 ए0 आर0 अपील नम्बर–18–R15/2013-14 में पारित आदेश के विरूद्ध दायर किया गया था। इस न्यायालय में पुनरीक्षण वाद संख्या–13/2017 भी दायर किया गया था, जिसमें इन्हीं आदेशों को चुनौती दी गयी थी। इस वाद को भी वाद संख्या–13/2017 के साथ सम्मिलित करने हेतु दिनांक–10.08.2021 को आदेशित किया गया था, किन्तु उक्त कार्रवाई नहीं होने के कारण इस वाद में अलग सुनवाई जारी रही। दिनांक–04.07.2022 को उभयपक्ष सुनवाई हेतु उपस्थित हुये, जिसमें विपक्षियों की तरफ से वाद संख्या–13/2017 के निष्पादित होने के संबंध में सूचना दी गयी। उक्त सूचना के आलोक में वाद संख्या–13/2017 के आदेश का अवलोकन किया गया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि उक्त पुनरीक्षण आवेदन में अंतिम आदेश दिनांक–02.05.2022 को पारित किया जा चुका है। ऐसे स्थिति में पुनः इस वाद में अलग आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं है। पेशकार को निदेशित किया जाता है कि वे वाद संख्या–13/2017 में पारित आदेश की एक प्रति इस अभिलेख में संधारित करें। तदनुसार इस वाद को निष्पादित किया जाता है।

लेखापित एवं संशोधित

7/7/22
प्रमण्डलीय आयुक्त

7/7/22
प्रमण्डलीय आयुक्त

Digitally signed by NITIN MADAN KULKARNI
Date: 2022.09.05 12:32:41 +05:30
Location: 192.168.1.40